नेशनल लोक अदालत राजस्व बेंच नम्बर–04
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सागवाडा)
अध्यक्ष– दिनेश कुमार गढवाल

राजस्व प्र.सं. 28/2022
वासुदेव बनाम डायालाल पाटीदार

दिनांक 09.09.2023

विद्वान वकील श्री वासुदेव ननोमा उपस्थित। वादी वासूदेव पाटीदार व प्रतिवादी डायालाल पाटीदार उपस्थित। उभयपक्ष ने एक प्रार्थना पत्र पेश कर जाहिर किया कि उन्होंने इस प्रकरण में दिनांक 22.03.2023 को का न्यायालय उपखंड अधिकारी, सागवाडा के समक्ष एक राजीनामा स्टाम्प पर लिख कर प्रस्तुत किया था, जिसे आज नेशनल लोक अदालत में तस्दीक किया जाकर पत्रावली फैसल की जावे। जिस पर पत्रावली नेशनल लोक अदालत में पेश हुई।

सुना गया। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

प्रकरण में दिनांक 22.03.2023 को उभयपक्ष द्वारा कुल 100/–रूपये के स्टाम्प पर कुल किता 02 पर राजीनामा प्रस्तुत किया, जिसमें लिखी ईबारत को उन्हें सुनाई व समझाई गई तो उन्होंने ईबारत सही होना स्वीकार किया। राजीनामा की पुश्त पर उभयपक्ष के उक्त ईबारत सही होने बाबत दस्तखत कराये गये, जिसे विद्वान अधिवक्ता श्री वासूदेव ननोमा ने पहचान किया। चूंकि उभय पक्षकारान स्वैच्छया नेशनल लोक अदालत की भावना से राजीनामा होना जाहिर किया है। अतः राजीनामा उक्तानुसार राजीनामा की पुश्त पर ही तस्दीक किया गया। राजीनामा शामिल ए–पार्ट रहे। अतः वादी वासूदेव का वाद बाद घोषणा एवं इन्द्राज दुरूस्ती अंतर्गत धारा 88 रा.टी.ए व 136 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट विरूद्ध प्रतिवादी डायालाल जरिये राजीनामा स्वीकार कर वाद राजीनामा अनुरूप डिक्री किया जाता है। राजीनामा पत्रावली का भाग रहेगा। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो।

सदस्य– श्री श्रवणसिंह
नेशनल लोक अदालत राजस्व बेंच नंबर 04
(उपखंड अधिकारी, सागवाडा)

अध्यक्ष–दिनेश कुमार गढवाल
नेशनल लोक अदालत राजस्व बेंच नं.04
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सागवाडा)

उपखण्ड अधिकारी
सागवाडा

अध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक अदालत बेंच नं. 04
तालुका विधिक सेवा समिति
सागवाडा

Scanned with OKEN Scanner